Title : Need to extend Intercity Express between Lucknow and Varanasi upto Bhatni Railway Junction in Deoria district, Uttar Pradesh-Laid.

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मैं अपने लोक सभा क्षेत्र देवरिया के सम्बंध में ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ कि देवरिया जनपद उत्तर प्रदेश का पूर्वी सीमा का अंतिम जिला है और हमारे क्षेत्र में ही भटनी रेलवे जंक्शन है जहाँ से ट्रेनें सीधे बाहर की तरफ जाती है और डाइर्वट होकर बलिया, मऊ होते हुए वाराणसी तक जाती है । गोरखपुर से एक इंटरसिटी ट्रेन लखनऊ जाती है और वापस आती है और गोरखपुर से लगा जिला देवरिया उससे वंचित रह जाता है । इस ट्रेन को भटनी जंक्शन तक चलाया जाए, और उसके लिए आवश्यक है कि भटनी में एक वाशिंग किट की स्थापना की जाए, जिससे कि उक्त जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों का ठहराव हो सकें । अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह करता हूँ कि उक्त समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें ।